दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२०६ वा | गुरूवार २७ फ़रवरी २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

# अजित पवार एक्शन मोड में, स्वारगेट मामले में २३ सुरक्षा गार्ड निलंबित



**पुणे: स्वारगेट बस स्टैंड पर २६ वर्षीय युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। जिस बस में यह घटना घटी, उसके पास ही सुरक्षा गार्ड की केबिन थी, फिर सुरक्षा गार्ड कहां थे? यह सवाल उठाते हुए ठाकरे गुट के नेता वसंत मोरे ने एसटी डिपो में तोड़फोड़ की। इस घटना को लेकर विपक्ष ने भी सरकार को घेरा है। अब इस मामले में २३ सुरक्षा गार्डो को निलंबित कर दिया गया है।**

अजित पवार का बयान - दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्वारगेट बस स्टैंड पर हुई यह घटना बेहद दर्दनाक, शर्मनाक और समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा, इस जघन्य अपराध के लिए दोषी को फांसी से कम कोई सजा नहीं हो सकती। मैंने खुद पुणे पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि वे इस मामले पर तुरंत ध्यान दें और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें।

अजित पवार ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी और आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए सभी कानूनी कदम उठाएगी। पीड़िता को न्याय और सहायता का आश्वासन अजित पवार ने यह भी बताया कि पीड़ित युवती को मानसिक और कानूनी सहायता देने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को निर्देश दिए गए हैं। सरकार पीड़िता को हरसंभव सहायता देगी। कैसे हुआ यह अपराध? यह घटना स्वारगेट बस स्टैंड पर शिवशाही बस में हुई, जहां फलटण की ओर जा रही एक युवती के साथ दत्तात्रय साठे नामक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने तुरंत एसटी डिपो पहुंचकर जांच शुरू की और आरोपी की तलाश जारी है। विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना इस मामले को लेकर विपक्ष ने सरकार पर कड़ी आलोचना की है। विपक्षी दलों का कहना है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं, अजित पवार और राज्य सरकार ने आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने का भरोसा दिया है।

## संतोष देशमुख के कत्ल का आंखों देखा हाल किस किस ने देखा?

### संसद बजरंग सोनवने का दिल हिला देने वाला सवाल।

बीड़, २६ फरवरी (प्रतिनिधि): मस्साजोग गांव के पूर्व सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के दौरान उसे लाइव देखा जा रहा था, लेकिन वह लाइव किसने देखा? यह सवाल संसद बजरंग सोंनवणे ने उठाया है। उन्होंने यह भी मांग की कि आरोपियों के फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की जाए।

बजरंग सोनवणे २६ फरवरी को मस्साजोग पहुंचे, जहां उन्होंने संतोष देशमुख के परिवार से मुलाकात की, जो न्याय की मांग को लेकर अनशन पर बैठे हैं। उन्होंने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि हत्या को ७८ दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस जांच अब तक आगे नहीं बढ़ी। उन्होंने मांग की कि फरार आरोपी कृष्णा आंधळे को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और सभी आरोपियों को कड़ी सजा मिले।

परिवार और ग्रामीणों का अनशन

२५ फरवरी से संतोष देशमुख की बेटी वैभवी देशमुख, भाई धनंजय देशमुख और मस्साजोग के ग्रामीण अनशन पर बैठे हैं, ताकि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और न्याय मिले। बजरंग सोनवणे ने पुलिस पर उठाए गंभीर सवाल बजरंग सोनवणे ने पुलिस जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा: पुलिस ने अब तक आरोपियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच क्यों नहीं की? जो पुलिस चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के फोन टैप कर सकती है, वह आरोपियों के उऊ क्यों नहीं निकाल रही? पुलिस निरीक्षक पाटील को ही संतोष देशमुख का शव कैसे मिला? उन्होंने कहा कि जब पूरा गांव संतोष देशमुख को खोज रहा था, तब आरोपी पुलिस निरीक्षक पाटील को उनका शव सबसे पहले मिलना संदेहजनक है। हत्या का लाइव देखा जाना चौंकाने वाला खुलासा बजरंग सोनवणे ने इस मामले में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि संतोष देशमुख की हत्या को लाइव देखा गया था। उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बेहद डरावनी और झकझोर देने वाली घटना है। उन्होंने पुलिस से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।



## संतोष देशमुख हत्याकांड में उज्ज्वल निकम बने सरकारी वकील

### देशमुख परिवार की ७ में से १ मांग मानी गई

जमीर काज़ी । मुंबई:

बीते ढाई महीने से महाराष्ट्र की राजनीति को हिला कर रख देने वाले बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में गांववालों की एक अहम मांग को सरकार ने मान लिया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को विशेष सरकारी वकील और एडवोकेट बालासाहेब कोल्हे को सहायक विशेष सरकारी वकील के रूप में नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को यह घोषणा की और सोशल मीडिया पर नियुक्ति आदेश की कॉपी साझा की।

भूख हड़ताल के बाद सरकार ने मानी मांग

संतोष देशमुख के परिवारवालों ने न्याय की मांग को लेकर दो दिनों से भूख हड़ताल शुरू की थी। सरकार ने उनकी सात मांगों में से यह एक मांग स्वीकार कर ली, जिसके बाद आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। उज्ज्वल निकम के नाम से बढ़ी वाल्मिक कराड की मुश्किलें



उज्ज्वल निकम देश के नामी वकीलों में से एक हैं। उन्होंने मुंबई बम धमाके मामले और २६/११ हमले के दोषी अजमल कसाब को फांसी की सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। निकम की नियुक्ति के बाद इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड और उसके साथियों की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है।

खंडणी विवाद में हुई थी संतोष देशमुख की हत्या बीड जिले के केज तालुका में आवादा कंपनी से मांगी गई फिरौती के विवाद के कारण ९ दिसंबर को संतोष देशमुख की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में विष्णु चाटे, सुदर्शन घुले और उनके साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस केस के मास्टरमाइंड वाल्मिक कराड ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। सभी आरोपियों पर मकोका के तहत कार्रवाई की गई है।

मंत्री धनंजय मुंडे पर उठ रहे सवाल वाल्मिक कराड को राज्य के मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी माना जाता है, जिससे यह मामला और भी विवादित हो गया। इस केस की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस ने डखढ (विशेष जांच दल) का गठन किया था। हालांकि, अब विपक्ष यह मांग कर रहा है कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए धनंजय मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। महाराष्ट्र सरकार की ओर से उज्ज्वल निकम और बालासाहेब कोल्हे की नियुक्ति से इस केस की सुनवाई अब हाई-प्रोफाइल हो गई है, और आने वाले दिनों में नए खुलासे होने की संभावना है।

## मुंबई, ठाणे सहित १६ नगर निगम चुनावों पर अनिश्चितता बरकरार, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फिर टली, अब ४ मार्च को होगी सुनवाई

मुंबई, २६ फरवरी (अज़ीज़ अइजाज़): मुंबई, ठाणे, नासिक, कोल्हापुर, अमरावती, सोलापुर, पिंपरी-चिंचवड़, पुणे, अकोला, औरंगाबाद और नागपुर सहित १६ नगर निगमों और कई जिला परिषदों के चुनावों को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है। तीन साल से लंबित इन चुनावों को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई एक बार फिर टाल दी गई है। अब अगली सुनवाई मंगलवार, ४ मार्च को होगी।

चुनाव में और देरी संभव

इस संबंध में चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि सुनवाई के फैसले के बाद चुनावी प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम ९० दिन लग सकते हैं। यही कारण है कि मॉनसून से पहले चुनाव कराना मुश्किल माना जा रहा है। अगर चुनावों में देरी होती है, तो राज्य सरकार द्वारा स्थानीय निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति जारी रहेगी ताकि प्रशासनिक कार्यो में बाधा न आए। आरक्षण और वार्ड परिसीमन को लेकर याचिकाएं

गौरतलब है कि नगर निगमों के वार्डो के जातिगत आरक्षण और परिसीमन के विवादित मुद्दों को लेकर चार याचिकाएं दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से एडवोकेट देवदत्त पालोडकर और एडवोकेट अभय अंतुरकर, जबकि राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट शशिभूषण अडगांवकर पैरवी कर रहे हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता रख रहे हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. के. सिंह की बेंच करेगी।

चुनाव कब होंगे?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम तीन से चार महीने का समय लगेगा। यानी, चुनाव अप्रैल या मई में ही संभव हो सकते हैं। हालांकि, जून में मानसून शुरू होने के बाद चुनाव कराना मुश्किल होगा।

नवंबर-दिसंबर तक टल सकते हैं चुनाव

गौरतलब है कि फरवरी २०२२ से कई नगर निगमों में कोई कारपोरेटर नहीं है। अगर सुप्रीम कोर्ट से चुनाव की अनुमति मिल भी जाती है, तब भी चुनाव से जुड़ी कई प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। इन सभी वजहों से यह आशंका जताई जा रही है कि नगर निकाय चुनाव इस साल के अंत में, यानी नवंबर या दिसंबर तक ही हो सकेंगे।

## मराठी भाषा गौरव दिवस पर आज मुंबई में पुरस्कार वितरण समारोह

विशेष प्रतिनिधि

मुंबई: मराठी भाषा के सम्मान और साहित्य के विकास के लिए कार्यरत विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु आज, २७ फरवरी को शाम ५ बजे गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थितियां

यह कार्यक्रम मराठी भाषा गौरव दिवस और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता कविवर्य कुसुमाग्रज की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत, सांस्कृतिक कार्य और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट आशिष शेलार, विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, उपसभापति डॉ. नीलम गोऱ्हे समेत संसद और दोनों सदनों के अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

पुरस्कारों की घोषणा

मराठी भाषा विभाग द्वारा २०२४ के लिए निम्नलिखित पुरस्कारों की घोषणा की गई है: विंदा करंदीकर जीवन गौरव पुरस्कार: वरिष्ठ साहित्यकार रावसाहेब रंगराव बोराडे को प्रदान किया जाएगा। श्री. पु. भागवत पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन संस्था): ज्योत्स्ना प्रकाशन, पुणे को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. अशोक केळकर भाषा अभ्यासक पुरस्कार २०२४: डॉ. रमेश सिताराम सुर्यवंशी को दिया जाएगा। मंगेश पाडगांवकर भाषा संवर्धन पुरस्कार: भीमाबाई जोंधळे को प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार समारोह मराठी भाषा और साहित्य के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## एमबीबीएस प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर ३ लाख की ठगी

### बीड के युवक की धोखाधड़ी का खुलासा

बीड, २६ फरवरी (प्रतिनिधि): बीड के एक युवक ने सोलापुर जिले के करमाला की एक शिक्षिका से उनकी बेटी का एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर ३ लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी की। इस मामले में ठगी का शिकार हुई शिक्षिका की शिकायत पर बीड के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

क्या है पूरा मामला?

करमाला (जिला सोलापुर) की शिक्षिका आसराबाई पुंडलिक भोसले ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि बीड के तुषार बाबुराव उंबरे (निवासी - जुना धानोरा रोड, बीड) ने उनसे ऑनलाइन और नकद मिलाकर कुल ३ लाख रुपये लिए और उनकी बेटी की मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराने का आश्वासन दिया। लेकिन, जब उसने प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं की और पैसे लौटाने से भी इनकार कर दिया, तब शिक्षिका को एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने दर्ज किया मामला

यह घटना २२ अगस्त २०२४ को हुई थी। शिक्षिका आसराबाई भोसले की शिकायत पर शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन, बीड में आरोपी तुषार उंबरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक काटकर कर रहे हैं।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# बशीरगंज में 'नुमान परफ्यूम' का भव्य उद्घाटन

बीड़ (संवाददाता): बीड़ शहर के हृदय स्थल बशीरगंज में 'नुमान परफ्यूम' का भव्य उद्घाटन किया गया। यह प्रतिष्ठान मरकज मस्जिद, बीड़ के इमाम और खतीब मौलाना अमीन साहब के पुत्रों द्वारा शुरू किया गया है।



उद्घाटन समारोह:

बाद नमाज-ए-असर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में क़ायदे सैयद मोइन मास्टर, एडवोकेट शफीक भाऊ और सादिक़-उल-जमां की विशेष उपस्थिति रही। मौलाना अमीन साहब की दुआ के साथ इस प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ।

विशेषताएं और शुभकामनाएं:

यह प्रतिष्ठान हर प्रकार के इत्र, स्प्रे और परफ्यूम से सुसज्जित है, जिससे ग्राहकों को उत्कृष्ट और विविध खुशबुओं का अनुभव मिलेगा।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने मौलाना अमीन साहब और उनके पुत्रों को इस नए व्यवसाय की शुरुआत पर बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में विधानसभा सदस्य संदीप शरसागर, पूर्व विधायक सैयद सलीम, मदरसा मिल्लिया के प्रधानाध्यापक फैसल चावस सहित अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं।

# वडवणी में मनाया जाएगा डीजे मुक्त शिवजन्मोत्सव

## आकर्षक झांकी, पथक, ऊंट और घोड़े होंगे मुख्य आकर्षण

वडवणी, २६ फरवरी (प्रतिनिधि): वडवणी शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, २८ फरवरी को शाम ५ बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में शिवभक्त मनोज जरांगे पाटील की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के मेघडंबरी राजमहल की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा, मिरवणुकी में कोल्हापुर और अकलुज के प्रसिद्ध पथक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह ऐतिहासिक शोभायात्रा बिना डीजे के सार्वजनिक रूप से मनाई जाएगी, जिसकी जानकारी बुधवार, २६ फरवरी को सार्वजनिक शिवजन्मोत्सव समिति ने पत्रकार परिषद में दी।

शोभायात्रा का आयोजन और मार्ग:

वडवणी में सार्वजनिक शिवजन्मोत्सव २०२५ का आयोजन किया गया है, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। शुक्रवार, २८ फरवरी को दोपहर ४ बजे से रात १० बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा साहित्यरत्न लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे चौक से शुरू होकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, जिवाजी महाले चौक, संविधान चौक, स्व. वसंतराव नाईक चौक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक होते हुए चाटे चौक पर संपन्न होगी।

मुख्य आकर्षण:इस भव्य शोभायात्रा में कोल्हापुर के प्रसिद्ध नादमय ढोल-ताशा ध्वजपथक, युवक-युवतियों द्वारा शिवकालीन युद्ध कला प्रदर्शन, धार्मिक कार्यक्रमों में पारंपरिक वेशभूषा में बाल वारकरी भजनी मंडल की प्रस्तुति, अकलुज के प्रसिद्ध हलगी पथक, अलंकार बैंजो, ऊंट और घोड़ों की भव्य झांकी शामिल होगी।

समिति की अपील: सार्वजनिक शिवजन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष संतोष डावकर ने पत्रकार परिषद में सभी नागरिकों से इस भव्य शोभायात्रा और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी शेषेराव जगताप, अमरसिंह मस्के, शिवाजी तौर, सचिव स्वप्निल मस्के, दत्तात्रय जमाले, बबलू शेळके, अविनाश मुजमुले, पांडुरंग कदम, सोमनाथ मस्के, सुरेश भोरे, प्रमेश्वर मस्के, हनुमंत शिंदे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अहमदनगर बागवान जमाअत ट्रस्ट के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

## वसीम हसन बागवान बने चेयरमैन, एजाज इलाहीबक्ष बागवान को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

अहमदनगर (समीर मनीयर की रिपोर्ट) - अहमदनगर बागवान जमाअत ट्रस्ट के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। वसीम हसन बागवान को चेयरमैन, जबकि एजाज इलाहीबक्ष बागवान को उपाध्यक्ष (व्हा. चेयरमन) के रूप में चुना गया। इनके साथ ही हाजी तनवीर हाजी शब्बीर बागवान को सचिव, तौसीफ नूर मुहम्मद बागवान को खजांची (खजिनदार) और रऊफ हाजी इसहाक बागवान, आशीफ जब्बारभाई बागवान, इमरान हाजी फारूक बागवान, जुनेद हाजी बाबासाहब बागवान और जाफर मुहम्मद साहब बागवान को ट्रस्ट का विश्वस्त नियुक्त किया गया। इन सभी की सर्वसम्मति से हुई नियुक्ति पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी।



वसीम हसन बागवान (दलाल) चेअरमन | एजाज इलाहीबक्ष बागवान (खलिफा) व्हा. चेअरमन | रऊफ हाजी इसहाक बागवान ट्रस्टी
आसिफ जब्बार भाई बागवान ट्रस्टी | हाजी तनवीर हाजी शब्बीर बागवान सेक्रेटरी | तौसिफ नुरमहंमद बागवान खजिनदार
इम्रान हाजी फारुक बागवान (नाना) ट्रस्टी | जुनेद हाजी बाबासाब बागवान ट्रस्टी | जाफर मोहंमद साहब बागवान ट्रस्टी

नई सदस्य सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

ट्रस्ट ने अहमदनगर बागवान जमाअत की नई सदस्य सूची तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। सभी सदस्य अपना नाम पंजीकृत कराएं और फॉर्म भरते समय परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करें। हर परिवार के लिए अलग-अलग फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। यदि किसी परिवार की बेटी का विवाह हो चुका है, तो उसका नाम शामिल नहीं किया जाएगा। जो सदस्य अब तक फॉर्म नहीं ले पाए हैं, वे विश्वस्तों से संपर्क कर सकते हैं।

समाज को मजबूत बनाने का संकल्प

नवनिर्वाचित चेयरमैन वसीम हसन बागवान ने कहा कि बागवान जमाअत को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। वहीं, उपाध्यक्ष एजाज इलाहीबक्ष बागवान ने कहा कि ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन, उपाध्यक्ष और विश्वस्तों के मार्गदर्शन में आगे की योजनाएं बनाई जाएंगी। समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लेकर, पदाधिकारियों और सदस्यों का विश्वास जीतकर समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि बागवान समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, वे आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए ट्रस्ट की ओर से योजनाएं चलाई जाएंगी। समाज के लोगों ने हम पर जो विश्वास जताया है, हम उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

नई कार्यकारिणी द्वारा लिए गए अहम निर्णय ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

अहमदनगर बागवान समाज की संपूर्ण सूची और डायरी तैयार की जाएगी। समाज की पूर्वजों द्वारा छोड़ी गई संपत्तियों का सही तरीके से विकास और देखभाल की जाएगी। वधू-वर मेलों का आयोजन किया जाएगा। कम से कम ११ सामूहिक विवाह कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। अहमदनगर बागवान जमाअत खाना को विकसित कर आय के नए साधन तैयार किए जाएंगे। हर साल रमजान महीने में जरूरतमंदों की सहायता के लिए ज़कात की राशि एकत्र की जाएगी। गरीब विधवाओं और अस्पतालों में भर्ती मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बागवान समाज के नाम से 'आखरी सफर' गाड़ी की व्यवस्था की जाएगी। समाज के बच्चों को शैक्षणिक सहायता दी जाएगी। समाज के सभी लोगों को एकजुट कर ट्रस्ट को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से सहयोग और एकता बनाए रखने की अपील की है, ताकि बागवान जमाअत को और अधिक संगठित और सशक्त बनाया जा सके।

# शिक्षण क्षेत्र में प्रेरणादायी पहल: संस्कृती विद्यालय और विवेकवर्धिनी गुरुकुल में पालक मेळावा एवं स्नेहसंमेलन का आयोजन








बीड: (प्रेस रिलीज) महाराष्ट्र के संस्कृती विद्यालय एवं विवेकवर्धिनी गुरुकुल, म्हसोबा फाटा में पालक मेळावा (अभिभावक सभा) और स्नेहसंमेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम महाराष्ट्रीयन संस्कृति रखी गई थी।

दो चरणों में हुआ आयोजन

यह कार्यक्रम प्रकट सत्र (विचार सत्र) और सांस्कृतिक सत्र इन दो भागों में आयोजित किया गया। इसमें ३०० से अधिक विद्यार्थी, उनके अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत

इस सभा का शुभारंभ देश हमें देता है सब कुछ इस समूह गान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन अमर कोकाटे ने किया।

मुख्य अतिथि एवं विशेष आमंत्रित व्यक्ति:

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजभूषण नितीनजी कोटेजा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आरटीओ इंस्पेक्टर (वर्धा) निलेशजी पाटील, गोरक्षनाथ अबुजसर (शिवशंभु प्रतिष्ठान, देवगिरी प्रांत अध्यक्ष), काकड हिरा गांव के सरपंच अमोल बागलाने, बीड के प्रसिद्ध डॉक्टर प्रदीपकुमार उजेगर, पुणे के उद्यमी अमोल पाटील, सामाजिक कार्यकर्ता रंजना दराडे एवं गोवर्धन दराडे, सिने अभिनेता सचिन चव्हाण, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. दत्ता नलावडे एवं मुख्याध्यापिका अर्चना जानोळे आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं पुरस्कार वितरण:

विवेकवर्धिनी गुरुकुल की सफलता के बाद इस वर्ष से बालिकाओं के लिए आवासीय गुरुकुल शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। संस्कृतीरत्न पुरस्कार: अच्छे व्यवहार और अनुशासन वाले छात्रों को प्रदान किया गया। खेलरत्न पुरस्कार: खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सेवारत्न पुरस्कार: सेवा कार्यो में योगदान देने वाले छात्रों को दिया गया। वृक्षमित्र पुरस्कार: पर्यावरण प्रेमी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एनएमएनएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सार्थक वीर और सार्थक गाडे को विशेष सम्मान दिया गया। स्व. साहेबराव नलावडे स्मृति काकाई पुरस्कार २०२५ सामाजिक कार्यकर्ताओं रंजना दराडे और गोवर्धन दराडे को प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को मिला प्रेरणादायक मार्गदर्शन मुख्य अतिथि निलेश पाटील ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए संघर्ष और ध्येय पर अडिग रहने का संदेश दिया। गोरक्षनाथ अबुजसर ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। सिने अभिनेता सचिन चव्हाण ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके सफलता में विवेकवर्धिनी गुरुकुल और डॉ. दत्ता नलावडे का बड़ा योगदान रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम का थीम महाराष्ट्रीयन संस्कृति था, जिसमें भारूड, कीर्तन, जात्यावरची गाणी, लावणी, कोळीगीत, शिवाजी महाराज पर आधारित गीत, आराधना गीत, गोंधळ गीत, देशभक्ति गीत आदि प्रस्तुत किए गए। इस शानदार आयोजन का सूत्रसंचालन अमित कदम, सुमित नरवडे, श्रेयश नलावडे और राजवर्धन मात्रे ने मराठी, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में किया। विद्यार्थियों की वेशभूषा का विशेष ध्यान रखा गया, जिसमें गजानन जानवळे सर और शिक्षकों ने विशेष योगदान दिया। प्रदर्शनी में भी दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा पालक मेळावा के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तलेखन प्रदर्शनी, किला प्रदर्शनी, चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। संस्था के भविष्य की योजनाएं अध्यक्षीय समारोप में नितीनजी कोटेजा ने संस्था के कार्यो की सराहना की और भविष्य में आने वाली चुनौतियों को मिलकर हल करने का आश्वासन दिया। आगामी वर्ष की रूपरेखा भैय्या सर ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम का समापन विश्व प्रार्थना के साथ हुआ और उसके पश्चात भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के इस भव्य कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा, जिनमें तानाजी बागलाने, परमेश्वर बागलाने, जानोळे रामदास सर, कांबळे सर, ससाणे सर, पठाण सर, किरण रेडेकर सर, दशरथ बागलाने सर, राम हलनर सर सहित कई अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह संपूर्ण आयोजन शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श उदाहरण बन गया।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com